**Nai Dunia (Indore), 1st August 2021, Page-2**

# आइआइटी के प्रोफेसर निभाएंगे हिमनदों के विकास में भूमिका

इंदौर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) इंदौर के प्रोफेसर डा. मोहम्मद फारूक आजम को शिक्षा मंत्रालय भारत और विश्व ग्लेशियर निगरानी सेवा (डब्ल्यूजीएमएस) स्विट्जरलैंड द्वारा राष्ट्रीय संवाददाता के रूप में चुना गया है। उन्हें भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा भारतीय ग्लेशियोलाजिस्ट के परामर्श से नामित किया गया था। डा. आजम भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान इंदौर के सिविल इंजीनियरिंग विभाग में सहायक प्रोफेसर हैं। वे पिछले 12 वर्षों से हिमालय के हिमनदों और जल विज्ञान पर काम कर रहे हैं। हिमनदों के स्वास्थ्य, खतरों और हिमनदी घाटियों में जल विकास के बारे में हाल ही में उनके दो पत्रों सहित कई शोध पत्र अब तक प्रकाशित हो चुके हैं।



प्रो. फारूक आजम

**प्रोफेसर मो. फारूक आजम को चुना गया राष्ट्रीय संवाददाता**

राष्ट्रीय संवाददाता के रूप में डा. आजम विश्व ग्लेशियर निगरानी सेवाओं स्विट्जरलैंड के साथ पत्राचार में हिमालय के हिमनदों के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।